केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

**समन्वय/कंपार्ट./अनुशेष/नि/2021** **दिनांक : 11.08.2021**

**अनुशेष**

**<u>"अनिवार्य दोहराव" वाले नियमित अभ्यर्थियों के लिए सुधार का अवसर</u>**

यह दिनांक 10.08.2021 के परिपत्र सं.समन्वय/कंपार्ट./परीक्षा/नियमित/2021 के क्रम में है| इस संबंध में निम्नलिखित पर ध्यान दें:

(क) यह सूचित किया जाता है कि सीबीएसई ने उन अभ्यर्थियों को 25 अगस्त, 2021 से आयोजित होने वाली परीक्षा में एक अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है सारणीकरण नीति के अनुसार जिनका परिणाम "अनिवार्य दोहराव" के रूप में घोषित किया गया है। महामारी की अवधि में इस अवसर के साथ, ऐसे छात्र अपना एक वर्ष बचा सकेंगे।

(ख) स्कूल ध्यान दें कि इन अभ्यर्थियों को भी अभ्यर्थियों की सूची (एलओसी) में इसके जमा करने के समय शामिल किया जाए।

**<u>कंपार्टमेंट प्राइवेट अभ्यर्थियों को दूसरा/तीसरा अवसर</u>**

यह दिनांक 10.08.2021 के परिपत्र सं.समन्वय/कंपार्ट./परीक्षा/प्राइवेट/2021 के क्रम में है| इस संबंध में निम्नलिखित पर ध्यान दें :

(क) ऐसे सभी अभ्यर्थी जो मुख्य परीक्षा-2021 में दूसरे/तीसरे अवसर के लिए पात्र हैं, लेकिन उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन नहीं करने का फैसला किया है और अब अगस्त, 2021 में अवसर का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे भी 25 अगस्त, 2021 से निर्धारित कंपार्टमेंट परीक्षा में आवेदन करने / उपस्थित होने के पात्र हैं।

(ख) ऐसे सभी अभ्यर्थी 15.08.2021 तक अभ्यर्थियों की सूची में अपना नाम शामिल करने के लिए अपने संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों से संपर्क करेंगे।

(ग) अभ्यर्थी क्षेत्रीय कार्यालयों में अपने आवेदन के साथ पात्रता का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे।

(घ) इन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र अन्य उम्मीदवारों के साथ सीबीएसई की वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे।

**<u>वैकल्पिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के विषय में स्पष्टीकरण</u>**

यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि कोई छात्र, जिसने वैकल्पिक परीक्षा के लिए आवेदन किया है, एक या अधिक विषयों में परीक्षा में शामिल नहीं होने का निर्णय लेता है और अनुपस्थित ठहराया जाता है, इन विषयों में उसका पिछला परिणाम मान्य होगा तथा उन विषयों में प्रदत्त अंकों के आधार पर परिणाम परिशोधित किया जाएगा जिनमें विद्यार्थी द्वारा परीक्षा दी गई|

**(डॉ. संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ वेब एडमिन को **प्रतिलिपि** ।

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in